इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 17] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 29 अप्रैल 2011—वैशाख 9, शक 1933

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुर:स्थापित विधेयक,
(ख)(1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग 'कार्मिक'
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 29 मार्च 2011

क्र. ई-1-95-2011-5-एक.—श्री जे. एन. कांसोटिया, भाप्रसे (1989), आयुक्त, स्वास्थ्य सेवायें, मध्यप्रदेश तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा संचालक, एड्स मध्यप्रदेश भोपाल दिनांक 29 मार्च 2011 से 2 अप्रैल 2011 तक अर्जित अवकाश पर रहने के फलस्वरूप उक्त अवधि में डॉ. मनोहर अगनानी, भाप्रसे (1993), मिशन संचालक, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन तथा नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आयुक्त, स्वास्थ्य सेवायें, मध्यप्रदेश तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा संचालक, एड्स मध्यप्रदेश भोपाल का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

भोपाल, दिनांक 30 मार्च 2011

क्र. ई. 5-4-1-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री सुदेश कुमार, आयएएस, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सार्वजनिक उपक्रम विभाग को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 8 मार्च 2011 द्वारा दिनांक 4 से 18 मार्च 2011 तक, पन्द्रह दिन के स्वीकृत लघुकृत अवकाश के अनुक्रम में दिनांक 19 से 26 मार्च 2011 तक, आठ दिन का लघुकृत अवकाश और स्वीकृत किया जाता है.

(2) इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 8 मार्च 2011 की शेष कंडिकाएं यथावत् रहेंगी.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2011.

भोपाल, दिनांक 31 मार्च 2011

क्र. ई-5-725-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) डॉ. एम. गीता, भाप्रसे, कलेक्टर, जिला उज्जैन को दिनांक 11 से 20 अप्रैल 2011 तक, दस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 9, 10 अप्रैल 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) डॉ. एम. गीता की अवकाश की अवधि में श्री रवीन्द्र सिंह, राप्रसे, अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, उज्जैन को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कलेक्टर, जिला उज्जैन का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर डॉ. एम. गीता को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कलेक्टर, जिला उज्जैन के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) डॉ. एम. गीता द्वारा कलेक्टर, जिला उज्जैन का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री रवीन्द्र सिंह, कलेक्टर, जिला उज्जैन के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में डॉ. एम. गीता को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि डॉ. एम. गीता अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

क्र. ई-1-86-2011-5-एक.—भारतीय प्रशासनिक सेवा के आवंटन वर्ष 1998 के निम्नलिखित अधिकारियों को दिनांक 1 जनवरी 2011 से भाप्रसे का प्रवर श्रेणी वेतनमान स्वीकृत किया जाता है:—

क्रमांक	अधिकारी का नाम	वर्तमान पदस्थापना
(1)	(2)	(3)
1	श्री आकाश त्रिपाठी	कलेक्टर, ग्वालियर
2	श्री मुकेश चन्द्र गुप्ता	कलेक्टर, गुना
3	श्री निकुंज कुमार श्रीवास्तव	कलेक्टर, भोपाल
4	श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा	कलेक्टर, रतलाम
5	श्री महेन्द्र ज्ञानी	कलेक्टर, मंदसौर
6	श्रीमती पुष्पलता सिंह	कलेक्टर, देवास
7	श्री एस. एस. बंसल	अपर आयुक्त (राजस्व), उज्जैन संभाग
8	श्री गणेश प्रसाद कबीरपंथी	उपसचिव, श्रम विभाग
9	श्रीमती उर्मिल मिश्रा	अपर आयुक्त (राजस्व), भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग.

(2) श्री गणेश प्रसाद कबीरपंथी को उक्त तिथि से प्रवर श्रेणी वेतनमान स्वीकृत किए जाने के फलस्वरूप आदेश प्रसारण की तिथि से उन्हें अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, श्रम विभाग पदस्थ किया जाता है.

भोपाल, दिनांक 7 अप्रैल 2011

क्र. ई-5-532-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती सलीना सिंह, आयएएस., प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम तथा मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम, भोपाल को दिनांक 13 से 30 अप्रैल 2011 तक, अठारह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 12 अप्रैल एवं 1 मई 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्रीमती सलीना सिंह की अवकाश अवधि में श्री अरूण कोचर, आयएएस., आयुक्त आदिवासी विकास मध्यप्रदेश तथा संचालक, विमानन को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम तथा मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम, भोपाल का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्रीमती सलीना सिंह को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम तथा मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्रीमती सलीना सिंह द्वारा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम तथा मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम, भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री अरूण कोचर, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम तथा मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम, भोपाल के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्रीमती सलीना सिंह को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती सलीना सिंह अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

भोपाल, दिनांक 8 अप्रैल 2011

क्र. ई-5-327-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री अशोक दास, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, गृह एवं जेल विभाग को दिनांक 11 से 15 अप्रैल 2011 तक पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 9, 10 अप्रैल 2011 एवं 16, 17 अप्रैल 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री अशोक दास की अवकाश की अवधि में श्री एम. के. राय, आयएएस., अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, गृह एवं जेल विभाग का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री अशोक दास को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, गृह एवं जेल विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री अशोक दास द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, गृह एवं जेल विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री एम. के. राय, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, गृह एवं जेल विभाग के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री अशोक दास को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अशोक दास अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 11 अप्रैल 2011

क्र. ई-5-296-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती आभा अस्थाना, आयएएस., विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी-सह-कृषि उत्पादन आयुक्त तथा पदेन अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास, सहकारिता, पशुपालन, मछलीपालन तथा उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग तथा संस्कृति, संसदीय कार्य विभाग एवं ट्रस्टी सचिव, भारत भवन को दिनांक 18 अप्रैल 2011 से 10 मई 2011 तक, तेईस दिन का एक्स इंडिया असाधारण अवकाश (अवैतनिक) स्वीकृत किया जाता है. इस अवकाश के साथ दिनांक 16, 17 अप्रैल 2011 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्रीमती आभा अस्थाना को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी-सह-कृषि उत्पादन आयुक्त तथा पदेन अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास, सहकारिता, पशुपालन, मछलीपालन तथा उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग तथा संस्कृति, संसदीय कार्य विभाग एवं ट्रस्टी सचिव, भारत भवन के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती आभा अस्थाना अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

क्र. ई-5-839-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती रेनू पंत, आयएएस., कलेक्टर, जिला बुरहानपुर को दिनांक 15 से 23 अप्रैल 2011 तक, नौ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 14 अप्रैल 2011 एवं 24 अप्रैल 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्रीमती रेनू पंत की अवकाश की अवधि में श्री रमेश भंडारी, राप्रसे, अपर कलेक्टर (विकास) एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, बुहरानपुर को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कलेक्टर, जिला बुरहानपुर का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्रीमती रेनू पंत को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कलेक्टर, जिला बुरहानपुर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्रीमती रेनू पंत द्वारा कलेक्टर, जिला बुरहानपुर का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री रमेश भंडारी, कलेक्टर जिला बुरहानपुर के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्रीमती रेनू पंत को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती रेनू पंत अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

भोपाल, दिनांक 13 अप्रैल 2011

क्र. ई-5-42-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री प्रशांत मेहता, आयएएस., महानिदेशक, आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी, भोपाल को दिनांक 28 अप्रैल से 4 मई 2011 तक, सात दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री प्रशांत मेहता को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न महानिदेशक, आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री प्रशांत मेहता को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री प्रशांत मेहता अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई. 5-328-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री आर. परशुराम, आयएएस, वि.क.अ.-सह-विकास आयुक्त एवं पदेन अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा सामाजिक न्याय विभाग को दिनांक 16 मई से 20 मई 2011 तक पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 14, 15 एवं 21, 22 मई 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री आर. परशुराम को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न वि.क.अ.-सह-विकास आयुक्त एवं पदेन अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा सामाजिक न्याय विभाग के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री आर. परशुराम को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री आर. परशुराम अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-782-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री भरत कुमार व्यास, आयएएस., सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्य, उद्योग एवं रोजगार विभाग को दिनांक 25 अप्रैल 2011 से 13 मई 2011 तक, उन्नीस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री भरत कुमार व्यास को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्य, उद्योग एवं रोजगार विभाग के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री भरत कुमार व्यास को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री भरत कुमार व्यास अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 14 अप्रैल 2011

क्र. ई-1-108-2011-5-एक.—नीचे तालिका के खाना (2) में दर्शाए भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को उनके नाम के समक्ष खाना (3) में दर्शाए पद पर, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न रूप से पदस्थ किया जाता है:—

क्रमांक	अधिकारी का नाम एवं वर्तमान पदस्थापना	नवीन पदस्थापना
(1)	(2)	(3)
1	श्री मनीष कुमार श्रीवास्तव, (1995), कलेक्टर, सागर.	सचिव, मध्यप्रदेश शासन, परिवहन विभाग एवं प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम का अतिरिक्त प्रभार.
2	श्री शिवानन्द दुबे (1996) संचालक, कौशल विकास, जबलपुर.	कलेक्टर, दमोह
3	डॉ. ई. रमेश कुमार (1999), कलेक्टर, छतरपुर.	कलेक्टर, सागर
4	श्री विवेक कुमार पोरवाल (2000), कलेक्टर, नरसिंहपुर.	कलेक्टर, बालाघाट
5	श्री एस.पी. एस. सलूजा (2000), कलेक्टर, दमोह.	संचालक, कौशल विकास, जबलपुर.
6	डॉ. नवनीत मोहन कोठारी (2001), कलेक्टर, बालाघाट.	उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन
7	श्री राहुल जैन (2005), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत एवं पदेन अपर कलेक्टर (विकास), श्योपुर.	कलेक्टर, छतरपुर
8	श्री संजीव सिंह (2005), अपर आयुक्त, वाणिज्यिक कर, इन्दौर.	कलेक्टर, नरसिंहपुर

भोपाल, दिनांक 15 अप्रैल 2011

क्र. ई-1-110-2011-5-एक.—श्री जे. एन. मालपानी, भाप्रसे (1994), सचिव, राज्यपाल मध्यप्रदेश के दिनांक 18 अप्रैल 2011 से 10 जून 2011 तक लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में भाग लेने के फलस्वरूप उनकी उक्त प्रशिक्षण अवधि में सचिव, राज्यपाल मध्यप्रदेश के पद का प्रभार डॉ. जी. के. सारस्वत, भाप्रसे (1996), अपर सचिव, राज्यपाल सचिवालय को अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

भोपाल, दिनांक 17 अप्रैल 2011

क्र. ई-1-111-2011-5-एक.—श्री आर. परशुराम (भाप्रसे) (1978) वि.क.अ.-सह-विकास आयुक्त एवं पदेन अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा सामाजिक न्याय विभाग को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी-सह-कृषि उत्पादन आयुक्त तथा पदेन अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण

तथा कृषि विकास, सहकारिता, पशुपालन, मछलीपालन तथा उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग पदस्थ किया जाता है साथ ही उन्हें पदेन अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

(2) उपरोक्तानुसार श्री आर. परशुराम द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से राज्य शासन भाप्रसे (वेतन) नियमावली, 2007 के नियम 9 के अंतर्गत विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी-सह-कृषि उत्पादन आयुक्त के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में ऊपर दर्शित नियमों की अनुसूची-II में सम्मिलित अध्यक्ष, राजस्व मंडल के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है.

(3) श्री अजय तिर्की, भाप्रसे (1987), सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा पदेन अपर विकास आयुक्त को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न विकास आयुक्त एवं पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पदस्थ किया जाता है.

भोपाल, दिनांक 18 अप्रैल 2011

क्र. ई-5-432-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती अमिता शर्मा, भाप्रसे (1981) को दिनांक 18 से 30 अप्रैल 2011 तक, तेरह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाशकाल में श्रीमती शर्मा को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

क्र. ई-1-111-2011-5-एक-**शुद्धि-पत्र**.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 17 अप्रैल 2011 के पद-1 जिसके द्वारा श्री आर. परशुराम, भाप्रसे, (1978), वि.क.अ.-सह-विकास आयुक्त एवं पदेन अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा सामाजिक न्याय विभाग को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी-सह-कृषि उत्पादन आयुक्त तथा पदेन अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, सहकारिता, पशुपालन, मछलीपालन तथा उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग पदस्थ किया गया है तथा उन्हें पदेन अपर मुख्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. अब उक्त आदेश में पदेन अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के साथ-साथ सामाजिक न्याय विभाग का प्रभार भी सौंपा जाना पढ़ा जाए.

भोपाल, दिनांक 19 अप्रैल 2011

क्र. ई-5-524-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री संजय कुमार सिंह, आयएएस., सचिव, मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास तथा संस्कृति विभाग को दिनांक 1 से 31 मई 2011 तक, इकतीस दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री संजय कुमार सिंह की अवकाश अवधि में श्री प्रभांशु कमल, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास तथा संस्कृति विभाग का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री संजय कुमार सिंह को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न सचिव, मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास तथा संस्कृति विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री संजय कुमार सिंह द्वारा तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास तथा संस्कृति विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री प्रभांशु कमल, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास तथा संस्कृति विभाग के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री संजय कुमार सिंह को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री संजय कुमार सिंह अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-781-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री आर. के. माथुर, आयएएस., सचिव, (समन्वय) मुख्य सचिव कार्यालय को दिनांक 6 से 20 मई 2011 तक पन्द्रह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 21 एवं 22 मई 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति भी दी जाती हैं.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री आर. के. माथुर को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न सचिव, (समन्वय) मुख्य सचिव कार्यालय के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री आर. के. माथुर को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री आर. के. माथुर अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 20 अप्रैल 2011

क्र. ई-5-370-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री इन्द्रनील शंकर दाणी, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग को दिनांक 30 मई 2011 से 10 जून 2011 तक, बारह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 29 मई 2011 एवं 11, 12 जून 2011 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री इन्द्रनील शंकर दाणी की अवकाश अवधि में श्रीमती अरुणा शर्मा, आयएएस., वि.क.अ., म.प्र. मंत्रालय तथा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, आयुष विभाग तथा आयुक्त-सह-संचालक, भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी, मध्यप्रदेश को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, चिकित्सा शिक्षा विभाग का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री इन्द्रनील शंकर दाणी को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री इन्द्रनील शंकर दाणी द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्रीमती अरुणा शर्मा, चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रभार से मुक्त होंगी.

(5) अवकाशकाल में श्री इन्द्रनील शंकर दाणी को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री इन्द्रनील शंकर दाणी अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अवनि वैश्य, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 6 अप्रैल 2011

क्र. ई-5-687-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री नीतेश कुमार व्यास, आयएएस, अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग तथा पदेन संचालक, संस्थागत वित्त को दिनांक 9 से 13 मई 2011 तक, पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 8 मई 2011 एवं 14, 15 मई 2011 के सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री नीतेश कुमार व्यास को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग तथा पदेन संचालक, संस्थागत वित्त के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री नीतेश कुमार व्यास को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री नीतेश कुमार व्यास अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई. 5-844-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री ए.के. सिंह, आयएएस., कलेक्टर, जिला अशोकनगर को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 22 जनवरी 2011 द्वारा दिनांक 14 से 26 फरवरी 2011 तक, तेरह दिन के स्वीकृत अर्जित अवकाश में आंशिक संशोधन करते हुए, अब उन्हें दिनांक 14 से 22 फरवरी 2011 तक, नौ दिन का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 22 जनवरी 2011 की शेष कंडिकाएं यथावत् रहेंगी.

भोपाल, दिनांक 7 अप्रैल 2011

क्र. ई-5-805-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री विनोद सिंह बघेल, आयएएस, अपर आयुक्त (राजस्व), सागर संभाग, सागर को निम्नानुसार अर्जित/लघुकृत अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है :—

1. दिनांक 14 से 16 जनवरी 2011 तक तीन दिन का अर्जित अवकाश.
2. दिनांक 17 जनवरी से 17 फरवरी 2011 तक बत्तीस दिन का लघुकृत अवकाश.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री विनोद सिंह बघेल को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अपर आयुक्त (राजस्व), सागर संभाग, सागर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री विनोद सिंह बघेल को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री विनोद सिंह बघेल अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
व्ही. एस. तोमर, अवर सचिव ''कार्मिक''.

योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 14 मार्च 2011

क्र. एफ 2-12-2008-43.—बीस सूत्र विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 25 अगस्त 2010 द्वारा राज्यस्तरीय दीनदयाल अंत्योदय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के कार्यकाल में 31 दिसम्बर 2010 तक की वृद्धि की गई थी.

उपरोक्त अनुक्रम में राज्य शासन इस विभाग के आदेश क्रमांक एफ 8-1-2011-तेईस-योआसां. द्वारा उक्त समिति के कार्यकाल आगामी 6 माह (दिनांक 30 जून 2011) तक की और वृद्धि की जाती है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. सुरेश, प्रमुख सचिव.

बीस सूत्र कार्यान्वयन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 19 दिसम्बर 2006

क्र. एफ 2(8)-06-तिरतालीस-बीस सूत्र.—मध्यप्रदेश (लोक अभिकरणों के माध्यम से) दीनदयाल अन्त्योदय कार्यक्रम के कार्यान्वयन अधिनियम, 1991 (क्रमांक 14 सन् 1991) की धारा 3(क) (एक) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये राज्य सरकार एतद्द्वारा दीनदयाल अन्त्योदय कार्यक्रम के कार्यान्वयन की समीक्षा हेतु दो वर्ष की कालावधि के लिए निम्नानुसार एक राज्य स्तरीय समिति गठित करती है :—

1.	मान. मुख्यमंत्री	अध्यक्ष
2.	मान. मंत्री, 20 सूत्र कार्यान्वय विभाग	उपाध्यक्ष
3.	श्री पूरन सिंह पलैया (अ.जा.), जिला ग्वालियर. (निधन 15-12-2008 को हो गया है).	सदस्य
4.	श्री प्यारे सिंह तोमर, जिला मुरैना	सदस्य
5.	श्री मायाराम शर्मा, जिला भिण्ड	सदस्य
6.	श्री मोहन ज्ञानानी, जिला दतिया	सदस्य
7.	श्री बी.के. गुप्ता, करैरा, जिला शिवपुरी	सदस्य
8.	श्रीमती विजया शुक्ला, जिला अशोकनगर	सदस्य
9.	श्री श्यामलाल अग्रवाल, रूठियाई, जिला गुना.	सदस्य
10.	श्री रामविलास रावत, ग्राम-नागरगावड़ा, जिला श्योपुर.	सदस्य
11.	श्री परसराम साहू, जिला सागर	सदस्य
12.	श्री उमेश शर्मा, जिला पन्ना	सदस्य
13.	श्री मनिशंकर सुमन (अ.जा.), जिला दमोह.	सदस्य
14.	श्री मदनलाल गोयल, पूर्व विधायक, जिला टीकमगढ़.	सदस्य
15.	श्री प्रणलाल अहिरवार (अ.जा.), जिला छतरपुर.	सदस्य
16.	श्री केशव पाण्डे, पदमधर कॉलोनी, जिला रीवा.	सदस्य
17.	श्री रामहित गुप्ता, भरहुत नगर, जिला सतना.	सदस्य
18.	श्री मोतीलाल पटेल, शास्त्रीनगर, जिला सीधी.	सदस्य
19.	श्री गुलाबचंद रिछारिया (अ.जा.), जिला शहडोल.	सदस्य
20.	श्री सुरेश अवधिया, पाली जिला उमरिया	सदस्य
21.	श्री दिलीप जायसवाल, बिजुरी, जिला अनूपपुर.	सदस्य
22.	श्री फूलसिंह उईके (अ.ज.जा.), मु.पो. कुंडम, जिला जबलपुर.	सदस्य
23.	श्री रामचन्द्र तिवारी , जिला कटनी	सदस्य
24.	श्री विजय झांझरी, जिला छिन्दवाड़ा	सदस्य
25.	श्रीमती गोमती ठाकुर, जिला सिवनी	सदस्य
26.	श्री उमेश देशमुख बैहर, जिला बालाघाट	सदस्य
27.	श्री उत्तमचन्द लुणावत, करैली जिला नरसिंहपुर.	सदस्य
28.	श्री कृष्णकुमार गुप्ता, विक्रमपुरी, जिला डिण्डोरी.	सदस्य
29.	श्री रामेश्वर शर्मा, जिला भोपाल	सदस्य
30.	श्री संतोष पारिख, सिवनी मालवा, जिला होशंगाबाद.	सदस्य
31.	श्रीमती सुशीलारानी मौर्य, जिला हरदा	सदस्य
32.	श्री दिलीप इवने (अ.ज.जा.) जिला बैतूल.	सदस्य
33.	श्री बालकृष्ण नामदेव, जिला सीहोर	सदस्य
34.	श्री कृष्णमोहन शर्मा, लटेरी, जिला विदिशा	सदस्य
35.	श्री रोडमल नामग, पचौर, जिला राजगढ़	सदस्य
36.	श्री हरिनारायण सक्सेना, जिला रायसेन	सदस्य
37.	श्री कैलाश पाटीदार, जिला इन्दौर	सदस्य
38.	श्री बालकृष्ण पाटीदार, टेमला, जिला खरगौन.	सदस्य
39.	श्रीमती कृष्णा पालीवाल, सेंधवा, जिला बड़वानी.	सदस्य
40.	श्री रमेश धारीवाल, जिला धार	सदस्य
41.	श्री रामलाल डाबर (अ.ज.जा.), जिला झाबुआ.	सदस्य
42.	श्री ताराचन्द्र पटेल, जिला खण्डवा	सदस्य
43.	श्री गनसिंह (अ.ज.जा.), जिला बुरहानपुर	सदस्य
44.	श्री तेजबहादुर सिंह चौहान, नागदा, जिला उज्जैन.	सदस्य

45.	सुश्री उषा चौहान, जिला रतलाम	सदस्य
46.	श्री मानसिंह माच्छेपुरिया, जिला मंदसौर	सदस्य
47.	श्री खुमान सिंह, शिवाजी, जिला नीमच	सदस्य
48.	श्री अजय सिंह बघेल, जिला देवास	सदस्य
49.	श्री गोपाल परमार (अ.जा.), जिला शाजापुर	सदस्य

विभगा के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव इस समिति के सचिव होंगे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
डी. पी. अहिरवार , उपसचिव.

गृह (सामान्य) विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 31 मार्च 2011

क्र. एफ. 03-05-2011-दो ए (3).—राज्य शासन द्वारा उत्पाद शुल्क विभाग के अधिकारियों के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 20 जनवरी 2011 को प्रश्नपत्र—लेखा (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थी को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है:—

अनु.	परीक्षार्थी का नाम	पदनाम
(1)	(2)	(3)

उच्चस्तर

इन्दौर संभाग

1	श्री बृजेन्द्र कोरी	जिला आबकारी अधिकारी

भोपाल, दिनांक 1 अप्रैल 2011

क्र. एफ. 03-04-2011-दो ए (3).—राज्य शासन द्वारा पुलिस विभाग के अधिकारियों के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 19 जनवरी 2011 को प्रश्नपत्र—पुलिस शाखा (बिना पुस्तकों के) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थी को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है:—

अनु.	परीक्षार्थी का नाम	पदनाम
(1)	(2)	(3)

उच्चस्तर

इन्दौर संभाग

1	सुश्री चैत्रा एन	पुलिस अधीक्षक

(1)	(2)	(3)

ग्वालियर संभाग

2	श्री वैभव श्रीवास्तव	उप पुलिस अधीक्षक
3	कु. प्रतिभा त्रिपाठी	उप पुलिस अधीक्षक

क्र. एफ. 03-13-2011-दो ए (3).—राज्य शासन द्वारा पंचायत एवं सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 18 जनवरी 2011 को प्रश्नपत्र—समाज शिक्षा (बिना पुस्तकों के) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थी को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है:—

अनु.	परीक्षार्थी का नाम	पदनाम
(1)	(2)	(3)

होशंगाबाद संभाग

1	श्री भरत लाल वरकड़े	हाउस मास्टर
2	श्री नर्मदा प्रसाद	मैट्रन

जबलपुर संभाग

3	श्री अनुज कुमार शर्मा	हाउस मास्टर

भोपाल संभाग

4	श्री अजय कुमार भुजिया	मैट्रन

भोपाल, दिनांक 6 अप्रैल 2011

क्र. एफ. 03-06-2011-दो ए (3).—राज्य शासन द्वारा उद्योग विभाग के अधिकारियों के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 20 जनवरी 2011 को प्रश्नपत्र—लेखा (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थी को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है:—

अनु.	परीक्षार्थी का नाम	पदनाम
(1)	(2)	(3)

उच्चस्तर

भोपाल संभाग

1	श्रीमती दमयंती निराला (सश्रेय).	सहायक संचालक (उद्योग)

क्र. एफ. 03-9-2011-दो ए (3).—राज्य शासन द्वारा पुलिस विभाग के अधिकारियों के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 19 जनवरी 2011 को प्रश्नपत्र—व्यवहारिक शाखा विषय में सम्पन्न

हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थी को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है:—

अनु.	परीक्षार्थी का नाम	पदनाम
(1)	(2)	(3)
	ग्वालियर संभाग	
1	कु. प्रतिभा त्रिपाठी	उप पुलिस अधीक्षक
2	श्री वैभव श्रीवास्तव	उप पुलिस अधीक्षक
	जबलपुर संभाग	
3	श्री सचिन कुमार अतुलकर	पुलिस अधीक्षक

भोपाल, दिनांक 7 अप्रैल 2011

क्र. एफ. 03-08-2011-दो ए (3).—राज्य शासन द्वारा उद्योग विभाग के अधिकारियों के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 18 जनवरी 2011 को प्रश्नपत्र—उद्योग विभाग संबंधी अधिनियम तथा नियम (पुस्तकों सहित-केवल नियम एवं अधिनियम) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थी को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है:—

अनु.	परीक्षार्थी का नाम	पदनाम
(1)	(2)	(3)
	उच्चस्तर	
	भोपाल संभाग	
1	श्रीमती दमयंती निराला	सहायक संचालक (उद्योग)

भोपाल, दिनांक 8 अप्रैल 2011

क्र. एफ. 03-15-2011-दो ए (3).—राज्य शासन द्वारा खनिज साधन विभाग के अधिकारियों के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 18 जनवरी 2011 को प्रश्नपत्र—खनिज प्रबंध (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थी को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है:—

अनु.	परीक्षार्थी का नाम	पदनाम
(1)	(2)	(3)
	उच्चस्तर (सश्रेय)	
	ग्वालियर संभाग	
1	श्री सावन सिंह चौहान	सहायक भौमिकी विद्
	सागर संभाग	
2	श्री कॉसमॉस केरकेट्टा	खनिज अधिकारी

क्र. एफ. 03-16-2011-दो ए (3).—राज्य शासन द्वारा पुलिस विभाग के अधिकारियों के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 20 जनवरी 2011 को प्रश्नपत्र—न्यायिक शाखा विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थी को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है:—

अनु.	परीक्षार्थी का नाम	पदनाम
(1)	(2)	(3)
	इन्दौर संभाग	
1	डॉ. नीरज चौरसिया	उप पुलिस अधीक्षक

क्र. एफ. 03-18-2011-दो ए (3).—राज्य शासन द्वारा जनसम्पर्क विभाग के अधिकारियों के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 21 जनवरी 2011 को प्रश्नपत्र—मध्यप्रदेश के मूलभूत तथ्य एवं ग्रामीण विकास (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थी को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है:—

अनु.	परीक्षार्थी का नाम	पदनाम
(1)	(2)	(3)
	उच्चस्तर	
	उज्जैन संभाग	
1	श्री अरुण कुमार राठौर	सहायक संचालक

भोपाल, दिनांक 13 अप्रैल 2011

क्र. एफ. 03-17-2011-दो ए (3).—राज्य शासन द्वारा उद्योग विभाग के अधिकारियों के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 18 जनवरी 2011 को प्रश्नपत्र—प्रक्रिया, विकास योजनाओं, राज्य के साधनों, राज्य के नियम पुस्तिकाओं आदि का ज्ञान (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थी को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है:—

अनु.	परीक्षार्थी का नाम	पदनाम
(1)	(2)	(3)
	उच्चस्तर	
	भोपाल संभाग	
1	श्रीमती दमयंती निराला	सहायक संचालक (उद्योग)

क्र. एफ. 03-19-2011-दो ए (3).—राज्य शासन द्वारा पंचायत एवं सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 19 जनवरी 2011 को प्रश्नपत्र—स्थानीय शासन अधिनियम तथा नियम (बिना पुस्तकों के) विषय में सम्पन्न हुई थी,

में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थी को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है:—

अनु.	परीक्षार्थी का नाम	पदनाम
(1)	(2)	(3)
	निम्नस्तर	
	सागर संभाग	
1	श्री कुलभुषण बिलबाल	मैट्रन
2	श्री नजीर अली	हाउस मास्टर
	जबलपुर संभाग	
3	श्री मुक्ता अवस्थी	हाउस मास्टर
	भोपाल संभाग	
4	श्री अजय कुमार भुजियां	मैट्रन
	होशंगाबाद संभाग	
5	श्री नर्मदा प्रसाद	मैट्रन
6	श्री भरत लाल बरकड़े	हाउस मास्टर

भोपाल, दिनांक 15 अप्रैल 2011

शुद्धि पत्र

क्र. एफ. 03-65-2010-दो ए (3).—राज्य शासन द्वारा इस विभाग की समसंख्यक शुद्धि-पत्र, दिनांक 7 फरवरी 2011 के तारतम्य में आंशिक संशोधन उपरांत वन विभाग के लिये सम्पन्न विभागीय परीक्षा के प्रश्न-पत्र लेखा (पुस्तकों सहित) के स्थान पर खनिज साधन विभाग के लिये सम्पन्न विभागीय परीक्षा प्रश्न-पत्र-लेखा (पुस्तकों सहित) पढ़ा जाए.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अम्बरीश श्रीवास्तव, उपसचिव.

गृह विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 18 अप्रैल 2011

क्र. एफ. 1(बी)73-04-बी-4-दो.—विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 14 सितम्बर 2010 द्वारा जिसके तहत कु. लहर गुप्ता, का नियुक्ति आदेश जारी किया गया था, नियुक्ति आदेश कु. लहर गुप्ता को प्राप्त नहीं होने के कारण उनके द्वारा नियुक्ति आदेश उपलब्ध कराने हेतु निवेदन किया. आदेश 06 माह से ज्यादा अवधि होने के कारण, राज्य शासन एतद्द्वारा निरस्त करता है.

2. राज्य शासन मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा-2005 के माध्यम से संयुक्त प्रतिस्पर्धा परीक्षा के परिणाम के आधार पर मध्यप्रदेश राज्य पुलिस सेवा के लिए निम्नलिखित अभ्यर्थियों को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से 02 वर्ष की परिवीक्षा पर मध्यप्रदेश राज्य पुलिस सेवा में कनिष्ठ वेतनमान 15,600—39,100+5,400 में उप पुलिस अधीक्षक के पद पर नियुक्त करता है. नवनियुक्त अधिकारीगण आदेश प्राप्ति के 15 दिवस की अवधि में जवाहरलाल नेहरु पुलिस अकादमी, सागर में प्रशिक्षण हेतु कार्यभार ग्रहण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे. अन्यथा नियुक्ति आदेश निरस्त माने जावेंगे :—

क्र.	लोक सेवा आयोग द्वारा अनुशंसित मुख्य सूची का क्र.	अभ्यार्थी का नाम एवं पता
(1)	(2)	(3)
1	03	कु. लहर गुप्ता पुत्री श्री डी.के. गुप्ता, 15 कीर्ति नगर, आधारताल, जबलपुर.

2. उपरोक्त परिवीक्षाधीन अधिकारियों को परिवीक्षा अवधि में ''संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण'' प्रशासन अकादमी, भोपाल में प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा अन्यथा सेवाऐं समाप्त की जा सकेगी.

3. नियुक्त अधिकारियों की परिवीक्षा अवधि, स्थायीकरण, वरिष्ठता, पदोन्नति आदि मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 एवं मध्यप्रदेश पुलिस कार्यपालिक (राजपत्रित) सेवा भर्ती तथा पदोन्नति नियम, 2000 से शासित होगी. सेवा संबंधी अन्य मुद्दे शासन के वर्तमान नियमों तथा भविष्य में बनाए जाने वाले नियमों/ निर्देशों के अन्तर्गत निराकृत किये जायेंगे.

4. नियुक्त अधिकारियों की सेवाएं किसी भी समय एक माह की सूचना अथवा उसके एवज में एक माह का वेतन तथा भत्ते देकर बिना कारण बताए समाप्त की जा सकती है. इसी प्रकार यदि वे अपने पद से त्याग-पत्र देकर शासकीय सेवा छोड़ना चाहें तो उन्हें भी एक माह का नोटिस देना आवश्यक होगा. एक माह पूर्व सूचना न देने की स्थिति में एक माह का वेतन व अन्य भत्ते जो वह उस समय प्राप्त कर रहे होंगे, नगद जमा करना होगा अन्यथा उक्त रकम राजस्व की बकाया की भांति उनसे वसूल की जावेगी.

5. राज्य शासन के अधीन दिनांक 1-1-2005 अथवा इसके बाद नियुक्त होने वाले कर्मचारियों को परिभाषित अंशदान पेंशन योजना लागू होगी.

6. नियुक्त अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी असत्य पाये जाने पर सेवायें बिना किसी सूचना के तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जावेंगी. उनके द्वारा इस संबंध में प्रस्तुत कोई भी दावा मान्य नहीं होगा.

7. परिवीक्षाधीन अधिकारियों को कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व एक ''बॉण्ड'' शासन के पक्ष में निष्पादित करना होगा कि परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण न करने की दशा में अथवा प्रशिक्षण अवधि में सेवा छोड़ने पर उनकी परिवीक्षा अवधि में शासन द्वारा खर्च की गई राशि जिसमें वेतन भत्ते, यात्रा भत्ते एवं अन्य अग्रिम व्यय राशि शामिल होंगे, की वापसी के लिए अत्तरदायी रहेगा. जिसकी पूर्ति कर जवाहरलाल नेहरु पुलिस अकादमी, सागर में कार्यभार ग्रहण करने वाले अधिकारी को अपनी उपस्थिति के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा.

8. नवनियुक्त अधिकारी पूर्व में शासकीय, अर्द्धशासकीय सेवा में सेवारत है, तो उन्हें अपने नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण-पत्र, अजॉच एवं अमांग प्रमाण-पत्र शासन को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा उन्हें कार्यभार ग्रहण नहीं कराया जावे.

क्र. एफ. 1(बी)154-10-बी-4-दो.—राज्य शासन मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा-2008 के माध्यम से संयुक्त प्रतिस्पर्धा परीक्षा के परिणाम के आधार पर मध्यप्रदेश राज्य पुलिस सेवा के लिए निम्नलिखित अभ्यर्थियों को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से 02 वर्ष की परिवीक्षा पर मध्यप्रदेश राज्य पुलिस सेवा में कनिष्ठ वेतनमान 15,600—39,100+5,400 में उप पुलिस अधीक्षक के पद पर नियुक्त करता है. नवनियुक्त अधिकारीगण आदेश प्राप्ति के 15 दिवस की अवधि में जवाहरलाल नेहरु पुलिस अकादमी, सागर में प्रशिक्षण हेतु कार्यभार ग्रहण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे. अन्यथा नियुक्ति आदेश निरस्त माने जावेंगे :—

क्र.	लोक सेवा आयोग द्वारा अनुशंसित मुख्य सूची का क्र.	अभ्यर्थी का नाम एवं पता
(1)	(2)	(3)
1	01	श्री अरविंद सिंह ठाकुर द्वारा श्री दशरथ सिंह ठाकुर, गली नं. 4 पंचशील नगर सिविल लाईन, दतिया.

2. उपरोक्त परिवीक्षाधीन अधिकारियों को परिवीक्षा अवधि में ''संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण'' प्रशासन अकादमी, भोपाल में प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा अन्यथा सेवाएं समाप्त की जा सकेंगी.

3. नियुक्त अधिकारियों की परिवीक्षा अवधि, स्थायीकरण, वरिष्ठता, पदोन्नति आदि मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 एवं मध्यप्रदेश पुलिस कार्यपालिक (राजपत्रित) सेवा भर्ती तथा पदोन्नति नियम, 2000 से शासित होगी. सेवा संबंधी अन्य मुद्दे शासन के वर्तमान नियमों तथा भविष्य में बनाए जाने वाले नियमों/ निर्देशों के अन्तर्गत निराकृत किये जायेंगे.

4. नियुक्त अधिकारियों की सेवाएं किसी भी समय एक माह की सूचना अथवा उसके एवज में एक माह का वेतन तथा भत्ते देकर बिना कारण बताए समाप्त की जा सकती हैं. इसी प्रकार यदि वे अपने पद से त्याग-पत्र देकर शासकीय सेवा छोड़ना चाहें तो उन्हें भी एक माह का नोटिस देना आवश्यक होगा. एक माह पूर्व सूचना न देने की स्थिति में एक माह का वेतन व अन्य भत्ते जो वह उस समय प्राप्त कर रहे होंगे, नगद जमा करना होगा अन्यथा उक्त रकम राजस्व की बकाया की भांति उनसे वसूल की जावेगी.

5. राज्य शासन के अधीन दिनांक 1-1-2005 अथवा इसके बाद नियुक्त होने वाले कर्मचारियों को परिभाषित अंशदान पेंशन योजना लागू होगी.

6. नियुक्त अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी असत्य पाये जाने पर सेवायें बिना किसी सूचना के तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जावेगी. उनके द्वारा इस संबंध में प्रस्तुत कोई भी दावा मान्य नहीं होगा.

7. परिवीक्षाधीन अधिकारियों को कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व एक ''बॉण्ड'' शासन के पक्ष में निष्पादित करना होगा कि परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण न करने की दशा में अथवा प्रशिक्षण अवधि में सेवा छोड़ने पर उनकी परिवीक्षा अवधि में शासन द्वारा खर्च की गई राशि जिसमें वेतन भत्ते, यात्रा भत्ते एवं अन्य अग्रिम व्यय राशि शामिल होंगे, की वापसी के लिए अत्तरदायी रहेगा. जिसकी पूर्ति कर जवाहरलाल नेहरु पुलिस अकादमी, सागर में कार्यभार ग्रहण करने वाले अधिकारी को अपनी उपस्थिति के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा.

8. नवनियुक्त अधिकारी पूर्व में शासकीय अर्द्धशासकीय सेवा में सेवारत है, तो उन्हें अपने नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण-पत्र, अजॉच एवं अमांग प्रमाण-पत्र शासन को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा उन्हें कार्यभार ग्रहण नहीं कराया जावे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
राजेश ओगरे, अवर सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 20 अप्रैल 2011

फा. क्र. 17 (ई) 67-2008-इक्कीस-ब (एक).—राज्य शासन, उच्च न्यायालय की अनुशंसा पर न्यायिक सेवा के सदस्य श्री आमोद आर्य, सिविल न्यायाधीश वर्ग-1 वर्तमान में न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय, बैरसिया, जिला भोपाल की सेवाएं श्रम न्यायालय में पीठासीन अधिकारी के पद पर उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से आगामी आदेश होने तक प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किये जाने हेतु श्रम विभाग को सौंपता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. के. मिश्रा, प्रमुख सचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 21 अप्रैल 2011

क्र. एफ. 12-6-11-बत्तीस.—माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एस.एल.पी. क्रमांक 25509/2009 अखिल भारतीय उपभोक्ता कांग्रेस विरुद्ध मध्यप्रदेश शासन में दिनांक 6 अप्रैल 2011 को पारित आदेश के पालन में मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 23-क(2) की शक्तियों का प्रयोग करते हुए पूर्व में जारी भूमि उपयोग उपांतरण की प्रारंभिक सूचना क्रमांक एफ-3-58-2008-32, दिनांक 6 जून 2008 तथा अधिसूचना क्रमांक एफ-3-58-2008-32, दिनांक 5 सितम्बर 2008 को एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वर्षा नावलेकर, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 21 अप्रैल 2011

क्र. एफ-12-6-2011-बत्तीस.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड ''ख''! के अनुसरण में, आवास एवं पर्यावरण विभाग की सूचना/अधिसूचना क्रमांक एफ-12-6-11-32, दिनांक 21 अप्रैल 2011 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वर्षा नावलेकर, उपसचिव.

Bhopal, the 21st April 2011

No F-12-6-2011-XXXII.—In compliance with the order passed by the Hon'ble Supreme Court of India, New Delhi on 6th April 2011 in SLP No. 25509/2009 Akhil Bhartiya Upbhokta Congress Versus State of Madhya Pradesh, the State Government exercising the powers of Section 23(A) (2) of Madhya Pradesh Nagar Tatha Gram Nivesh Adhiniyam, 1973 hereby cancels the preliminary notice No. F-3-58-2008-XXXII, dated 6th June 2008 & final notification No. F-3-58-2008-XXXII, dated 5th September 2008 by which the land use was changed by the State Government.

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
VARSHA NAOLEKAR, Dy. Secy.

वित्त विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 13 अप्रैल 2011

क्र. एफ. 2-01-2009-ई-चार.—राज्य शासन द्वारा राज्य वित्त निगम अधिनिमय, 1951 की धारा 7(1)/7(5) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, मध्यप्रदेश वित्त निगम, इन्दौर को निम्नलिखित ऋणपत्रों/ऋण पर प्रत्याभूति दी गई थी. मध्यप्रदेश वित्त निगम द्वारा उक्त ऋणपत्रों/ऋण की राशि मय ब्याज सहित कुल राशि रुपये 6,60,00,000 (रुपये छैः करोड़ साठ लाख) अदा करने के फलस्वरूप राज्य शासन उक्त ऋणपत्रों/ऋण के लिये प्रदत्त प्रत्याभूति को निरस्त करता है:—

क्र.	आदेश क्र. व दिनांक	निहित दर	प्रत्याभूति दी गई	प्रत्याभूति समाप्ति की अवधि	प्रत्याभूति राशि	10% राशि की अतिरिक्त प्रत्याभूति	कुल प्रत्याभूति राशि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
1	क्र./359/382/चार/91/नि-3/, दिनांक 2-2-1991	11.5%	ऋण पत्र	13-2-2011	6,00,00,000	60.00 लाख	6,60,00,000

क्र. एफ. 2-01-2009-ई-चार.—राज्य शासन द्वारा राज्य वित्त निगम अधिनिमय, 1951 की धारा 7(1)/7(5) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, मध्यप्रदेश वित्त निगम, इन्दौर को निम्नलिखित ऋणपत्रों/ऋण पर प्रत्याभूति दी गई थी. मध्यप्रदेश वित्त निगम द्वारा उक्त ऋणपत्रों/ऋण की राशि मय ब्याज सहित कुल राशि रुपये 15.00 करोड़ (रुपये पन्द्रह करोड़) अदा करने के फलस्वरूप राज्य शासन उक्त ऋणपत्रों/ऋण के लिये प्रदत्त प्रत्याभूति को निरस्त करता है:—

क्र.	आदेश क्र. व दिनांक	निहित दर	प्रत्याभूति दी गई	प्रत्याभूति समाप्ति की अवधि	प्रत्याभूति राशि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	एफ./2-01/05/ई/चार/दिनांक 17-5-2005.	7.50%	ऋण पत्र	17-3-2013	15.00 करोड़

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. एम. पुरोहित, अवर सचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

मध्यप्रदेश राज्य सहकारी अधिकरण, विंध्याचल भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 5 अप्रैल 2011

ग्रीष्मकालीन अवकाश बाबत्

क्र. सह.अधि.-2010-स्था.-80.—मध्यप्रदेश राज्य सहकारी अधिकरण के अध्यक्ष को मध्यप्रदेश राज्य सहकारी अधिकरण विनियम क्रमांक 24 के प्रावधानों के अनुसार माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश के द्वारा घोषित ग्रीष्मकालीन अवकाश दिनांक 23 मई 2011 से 17 जून 2011 तक में से पन्द्रह दिन का लाभ उठाने की पात्रता है.

तद्नुसार इस अधिकरण के माननीय अध्यक्ष दिनांक 23 मई 2011 से 6 जून 2011 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश पर रहेंगे, जिसके फलस्वरूप न्यायालय में उक्त अवधि में ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा.

तथापि उक्त दिवसों में अधिकरण में कार्यालयीन कार्य यथावत् जारी रहेगा.

विमल कुमार श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार.

कार्यालय, कुलाधिपति, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा मध्यप्रदेश

राजभवन भोपाल, दिनांक 18 अप्रैल 2011

आदेश

क्र. एफ-1-3-2010-रास-यूए-1-540.—मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 (क्रमांक 22 सन् 1973) की धारा 13 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं, रामेश्वर ठाकुर, कुलाधिपति, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा एतद्द्वारा प्रो. रहस्यमणि मिश्रा, प्रोफेसर, स्कूल ऑफ इन्वायरमेंटल बायोलाजी, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से चार वर्ष की कालावधि के लिए अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा का कुलपति नियुक्त करता हूं.

(2) इनकी सेवा शर्तें एवं निबंधन विश्वविद्यालय के परिनियम-1 के अनुसार शासित होंगी.

3. यह आदेश दिनांक 21 जून 2011 से प्रभावशील होगा.

रामेश्वर ठाकुर, कुलाधिपति.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला कटनी, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

कटनी, दिनांक 18 अप्रैल 2011

क्र. 4070-एस.डब्ल्यू.-2011.—मैं, एम. सेलवेन्द्रन, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग, जिला कटनी (म. प्र.) द्वारा माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर के रिट पिटीशन नं. 10255/2010 में पारित आदेश दिनांक 12 अगस्त 2010 के अनुसरण में एवं दिनांक 27 अप्रैल 2010 को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिये गये निर्णय व कटनी नगर निगम सीमा अन्तर्गत कि. मी. 368/2 पर स्थित कटनी नदी के पुल का कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग, कटनी के संयुक्त निरीक्षण टीप, प्रतिवेदनानुसार उक्त पुल 100 वर्ष से भी अधिक पुराना होने से एवं पुल अपनी आयु पूर्ण कर लेने से, भारी वाहनों के आवागमन के योग्य न होने के कारण, किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए लोक सुरक्षा की दृष्टि से दुर्घटनाओं के नियंत्रण हेतु मो. या. अधिनियम, 1988 की धारा 115 एवं सहपठित म. प्र. मो.या. नियम 1994 के नियम 215 के अनुसरण में उक्त पुल से भारी वाहनों का आवागमन आगामी आदेश तक के लिये प्रतिबंधित किये जाने हेतु प्रकाशित करता हूं. जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार ऐसे वाहन/ट्रक जो कटनी शहर में पर्चून/अन्य अति आवश्यक सामग्री का परिवहन करते हैं को रात्रि में 12.00 से 01.00 बजे तक कटनी नदी पुल से प्रवेश कर सकेगी तथा प्रात: 04.00 से 05.00 बजे शहर से बाहर निकलेगी. कटनी शहर के अन्दर नहीं आने वाले वाहन बायपास से जायेंगे. यात्री/स्कूल बसों के आवागमन पर उक्त आदेश प्रभावशील नहीं रहेगा.

एम. सेलवेन्द्रन, कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट.

कार्यालय, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश

17, अरेरा हिल्स, भोपाल

भोपाल, दिनांक 20 अप्रैल 2011

क्र. 16-1-स्था.-2005-2050.—विधि एवं न्याय मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना दिनांक 21 जून 2005 द्वारा प्रकाशित सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 5 के अन्तर्गत कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश के लिये निम्नानुसार अधिकारियों को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ लोक सूचना अधिकारी/सहायक लोक सूचना अधिकारी नामांकित (Designate) किया जाता है:—

स. क्र.	अधिकारी का पदनाम	के रूप में नामांकित
(1)	(2)	(3)
1	उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी	लोक सूचना अधिकारी
2	सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी	सहायक लोक सूचना अधिकारी

अधिनियम की धारा 19(1) के अन्तर्गत लोक सूचना अधिकारी के निर्णय के विरुद्ध अपील की सुनवाई हेतु अपील प्राधिकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी होंगे.

सहायक लोक सूचना अधिकारी इस संबंध में प्राप्त होने वाले आवेदनों को प्राप्त कर कम्प्यूटर में पंजीबद्ध कराएंगे तथा साप्ताहिक समीक्षा के लिये प्रस्तुत करेंगे.

प्रेम चन्द मीना, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी.

कार्यालय, जिला दण्डाधिकारी, जिला देवास, मध्यप्रदेश

देवास, दिनांक 7 मार्च 2011

